हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215

DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215

Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक--18.11.2022

केंद्रीय विवि के सामाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सामाज कार्य विभाग द्वारा धौलाधार परिसर-1, धर्मशाला के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "लिंग आधारित अपराध और महिला पुलिस स्टेशन" पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 18.11.2022 को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी, मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सुमेधा द्विवेदी जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार जी उपस्थित रहे। वहीं इस संगोष्ठी में डीआईजी सुमेधा द्विवेदी द्वारा हिमाचल में स्थित महिला थाना के बारे बताया गया जो कि 2013 में स्थापित किया गया था। साथ ही उन्होंने महिला थाना की भूमिका इस पुरुष प्रधान समाज में क्या रही है इस पर भी आपने विचार साझा किए। उन्होंने घरेलू हिंसा पर भी महत्वपूर्ण बातें साझा की। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम द्वारा की गई। संयोजक की भूमिका डॉ अंबरीन जमाली द्वारा निभाई गई। साथ ही समाज कार्य विभाग के समस्त संकाय सदस्य, शोधार्थी तथा छात्र भी इस संगोष्ठी में उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न संस्थाओं के प्रतिभागियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई।

पूजा चक्रवर्ती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला